Use of Vedic Mathematics in Computer

1689. SHRI GOPAL SINGH SOLANKI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government would sponsor a scheme to encourage the use of VM in computers; and

(b) if so, whether such computers would be made available to the schools, colleges and universities?

THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) There is no proposal regarding a scheme to encourage the use of Vedic Mathematics in computers.

(b) Does not arise.

"लैटर्स टू दी चीफ मिनिस्टर्स" नामक पुस्तक का प्रकाशन

1690. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने "लेटर्स टु दि चीफ मिनिस्टर्स (इन फाइव वोल्युम्स)" नामक पुस्तक के प्रकाशन के संबंध में जवाहर लाल नेहरु मेमोरियल फंड के साथ कोई विशेष अनुबंध किया है ;

(ख) यदि हां, तो अनुबंध के निबंधन तथा शर्तें क्या हैं ; और

(ग) इन पत्रों को प्रकाशित करने के लिए भारत सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने "लैटर्स टु दी चीफ मिनिस्टर्स" नामक पुस्तक के प्रकाशन के संबंध में, जवाहर लाल नेहरु मेमोरियल फंड के साथ कोई करार नहीं किया है। तथापि, प्रकाशन विभाग ने जवाहर लाल नेहरु के संबंध में चार प्रकाशन निकाले हैं ' एक, "बिल्डर्स ऑफ मार्डन इंडिया" श्रृंखला के अन्तर्गत दो "स्पीचिज एंड राईटिंग्स" श्रृंखला के अन्तर्गत तथा एक "बुक्स फार मिलियंस" श्रृंखला के अन्तर्गत। अतः प्रकाशन विभाग द्वारा "लैटर्स टु दी चीफ मिनिस्टर्स " शीर्षक से अलग से कोई प्रकाशन नहीं किया गया है।

"सिलैक्टिड स्पीचिज ऑफ इन्दिरा, जनवरी 1966–1969" का स्वत्वाधिकार

1691. **श्रीमती सरला माहेश्वरी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च, 1971 में प्रकाशित "सिलैक्टिड स्पीचिज ऑफ इन्दिरा, जनवरी 1966–1969" का स्वत्वाधिकार, प्रकाशन प्रभाग को दिया गया था जबकि "दी इयर्स आफ इंडीवर्स सिलैक्टिड स्पीचिज ऑफ इन्दिरा गांधी अगस्त 1969–अगस्त, 1972" का स्वत्वाधिकार अभी भी श्रीमती इन्दिरा गांधी के नाम है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसका निहितार्थ क्या है ;

(ख) क्या इन दोनों पुस्तकों की रायल्टी सरकार के पास जमा होती है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार का क्या विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, हां।

तथापि, सरकार के एक निर्णय के अनुसार वर्ष 1973 के बाद से प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित "सिलैक्टिड स्पीचिज आफ इंदिरा गांधी", जनवरी, 1966–